प्रादेशिक समाचार

22.06.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1:00 पी.एम.

प्रदेश में आयोजित 'वंदे गंगा' जल संरक्षण–जन अभियान ने पानी बचाने और इसके संग्रहण के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये है। 5 जून से 20 जून तक चले इस अभियान के तहत राजस्थान के निवासियों ने भी जल संरक्षण कार्यो में बढचढकर हिस्सा लिया। सरकार द्वारा जारी आंकडों के अनुसार अभियान के अंतर्गत 3 लाख 70 हजार से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित हुए। इनमें 1 करोड़ 32 लाख महिलाओं की भागीदारी रही। कुल 2 करोड़ 53 लाख नागरिकों ने जल संरक्षण कार्यो में भाग लिया। इस दौरान 42 हजार 200 से अधिक जल स्त्रोतों के साथ 73 हजार 900 से अधिक कार्यालयों, अस्पतालों तथा विद्यालयों की साफ सफाई भी की गई। अभियान में लगभग 18 हजार 900 कार्यो का लोकार्पण हुआ। वहीं 5 हजार 900 नये कार्यो का शुभारम्भ किया गया। जल संरक्षण गतिविधियों में आमजन ने लगभग 1 लाख 2 हजार से ज्यादा स्थानों पर श्रमदान भी किया।

0000

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए को पहलगाम आतंकी हमले की घटना में एक बड़ी सफलता मिली है। एनआईए ने दो लोगों को हमले में शामिल आतंकियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एनआईए ने बताया कि इनमें बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और पहलगाम के हिल पार्क में रहने वाला बशीर अहमद जोथर शामिल है। इन दोनों ने हमले में शामिल तीन हथियार बंद आतंकियों की पहचान उजागर की है। एनआईए ने बताया है कि सभी आतंकी पाकिस्तानी नागरिक थे और आतंकी गुट लश्कर–ए–तैयबा से जुडे थे। एनआईए के अनुसार इन लोगों ने जानबूझकर तीनों आतंकवादियों को हमले से पहले हिल पार्क में पनाह दी। बताया गया है कि गिरफ्तार किये गये दोनों व्यक्तियों ने आतंकवादियों को खाना, रहने की जगह और लॉजिस्टिक सहयोग प्रदान किया। एनआईए ने दोनों व्यक्तियों को गैर कानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है।

0000

कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने कल रात बीकानेर में केमिकल और खाद के गोदामों पर औचक निरीक्षण किया। बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र और अनाज मंडी में की गई इस कार्रवाई में घटिया किस्म के बायोस्टिमुलेंट, खाद, बीज और पेस्टिसाइड का भंडार जब्त किया गया। श्री मीणा ने अधिकारियों की मौजूदगी में कई गोदामों के ताले तुड़वाकर निरीक्षण किया। इस दौरान 468 क्विंटल से ज्यादा बायोस्टिमुलेंट जब्त किया गया। इनमें से 6 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। चार गोदामों को मौके पर ही सील कर दिया गया।

0000

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज जयपुर में पायलट राजवीर सिंह चौहान के निवास पर पंहुचकर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। इस अवसर पर उन्होंने राजवीर सिंह के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। गौरतलब है कि केदारनाथ हेलीकॉप्टर हादसे में हाल ही में राजवीर सिंह की मृत्यु हो गई थी।

0000

राजस्थान लोक सेवा आयोग–आरपीएससी की ओर से कल से 4 जुलाई तक प्राध्यापक और कोच प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। जयपुर में इस परीक्षा के लिये 197 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक कार्यालय ने वीक्षको की ड्यूटी लगाने का काम पूरा कर लिया है। सभी वीक्षकों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा केन्द्रों पर पंहुचना होगा। जयपुर में पहली पारी में होने वाली परीक्षा

के लिए एक केन्द्र बदला गया है। परीक्षा के सुचारू और सफल संचालन के लिए जयपुर जिला कलक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है।

0000

प्रदेश में मानसून की बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटों में जयपुर, पाली, भीलवाड़ा, जोधपुर, अजमेर, बांसवाड़ा, सीकर, भरतपुर, जालोर, सिरोही और राजसमंद सहित कई जिलों में भारी बारिश हुई। मौसम विभाग जयपुर के अनुसार आज भी पूर्वी राजस्थान के अधिकांश भागों में हल्की से मध्यम बारिश और कोटा, उदयपुर तथा भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। विभाग ने आज भरतपुर, धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर जिलों में बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 26 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार कल और परसों कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी से अतिभारी बारिश हो सकती है। वहीं बीकानेर संभाग के कुछ भागों में 25 से 27 जून के बीच आंधी और बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना जतायी गई है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 जून को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 123वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता 27 जून तक अपने सुझाव भेज सकते हैं।

0000